https://universitynews.in/

Roll No. ....

DD-354

M. A. (Second Semester) EXAMINATION, May/June, 2020

HINDI

Paper Eighth

[आधुनिक गद्य साहित्य (उपन्यास, निबन्ध एवं कहानी)]

Time : Three Hours

Maximum Marks : 80

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : प्रत्येक 10

(क) स्त्री और पुरुष में समान शक्तियाँ हैं, समान प्रवृत्तियाँ हैं और कोई विभिन्नता नहीं है। इससे भयंकर असत्य की कल्पना मैं नहीं कर सकता। यह असत्य है जो युग-युगान्तरों से संचित अनुभव को उसी तरह ढक लेना चाहता है जैसे बादल का एक टुकड़ा सूर्य को ढक लेता है। मैं आपको सचेत किए देता हूँ आप इस जाल में न फँसें। स्त्री पुरुष से उतनी ही श्रेष्ठ है, जितना प्रकाश अँधेरे से।

(ख) रहस्य समझने के बाद मेरा मुख मुरझा गया, कान तक की शिराएँ रक्त के वेगाधिक्य से झमझमा उठी। पैरों के नीचे की आधार भूमि खिसकती सी जान पड़ी और दिक् मंडल

https://universitynews.in/

https://universitynews.in/

कुलाल-चक्र की भाँति घूम गया। मैं मूर्ख हूँ। भट्टिनी को भरोसा नहीं है। क्यों नहीं उन्होंने मुझसे यह बात कही ? क्या मैं भट्टिनी के एक इंगित पर प्राण देने की प्रतिज्ञा नहीं कर चुका हूँ ? भट्टिनी मेरे ऊपर विश्वास भले ही करती हो, भरोसा नहीं रखती।

(ग) कभी किसी ने कृष्ण पक्ष की अष्टमी के शशि को देखा है ? साँझ के से नीरव निशीथ तक अनंत आकाश में अनंत झिलमिलाते नक्षत्र पुंजों में अपनी दुविधा को बिखराकर वारुणी के अंचल में मुँह ऊँचा कर झाँकते हुए महासाधक को किसी ने देखा है ? आधी रात के झाँय-झाँय करते हुए सूनेपन में अपनी आधी कला लुटाकर शेष आधी कला की बंकिमा में खिलते हुए इस बेला के फूल को किसी ने देखा है ? जिसने देखा होगा वह मन की उस साधना का मर्म भी समझ सकेगा, जिसमें जबानी अपने हृदय का आधे-आध करके आधा हृदय हथेली पर रखकर आधे हृदय से ही उमगाती रहती है।

(घ) उसके पास न्याय का बल है और नीति की शक्ति। एक ओर मिट्टी है, दूसरी ओर लोहा, जो इस वक्त अपने को फौलाद कह रहा है। वह अजेय है, घातक है। अगर कोई शेर आ जाय, वकील साहब की नानी मर जाय, चोंगे में मुँह छिपाकर जमीन पर लेट जायँ। मगर यह चिमटा, यह बहादुर, यह रुस्तमे हिंद लपककर शेर की गर्दन पर सवार हो जाएगा और उसकी आँखें निकाल लेगा।

(ङ) लेटे हुए वे घर के अंदर से आने वाले विविध स्वरों को सुनते रहे। बहू और सास की छोटी-सी झड़प बाल्टी पर खुले नल की आवाज, रसोई में वर्तनों की खटपट और उसी में दो गौरैयों का वार्तालाप ....। अचानक ही उन्होंने निश्चय कर लिया कि अब घर की किसी बात में दखल न

https://universitynews.in/

https://universitynews.in/

देंगे। यदि गृह स्वामी के लिए पूरे घर में एक चारपाई की जगह यहीं है, तो यहीं पड़े रहेंगे। अगर कहीं और डाल दी गई तो वहीं चले जायेंगे। यदि बच्चों के जीवन में उनके लिए कहीं स्थान नहीं, तो अपने घर में परदेशी की तरह पड़े रहेंगे।

2. "गोदान भारतीय कृषक संस्कृति का महाकाव्य है।" इस कथन वक्तव्य का विवेचन कीजिए। 10

अथवा

'बाणभट्ट की आत्मकथा' के आधार पर हजारी प्रसाद द्विवेदी की भाषा और शिल्पगत वैशिष्ट्य का विवेचन कीजिए।

3. 'कविता क्या है ?' निबन्ध में कविता से सम्बन्धित विविध पक्षों के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त कीजिए। 10

अथवा

'माटी की मूरतें' निबन्ध का सारांश लिखिए।

4. कहानी के तत्वों के आधार पर 'पुरस्कार' कहानी की समीक्षा कीजिए। 10

अथवा

'ईदगाह' कहानी के कथा वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित लघु उत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दीजिए : प्रत्येक 2

(i) गोबर नई पीढ़ी के युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है। सिद्ध कीजिए।

(ii) 'उसने कहा था' कहानी का उद्देश्य।

(iii) निपुणिका का चरित्र-चित्रण।

https://universitynews.in/

https://universitynews.in/

(iv) 'वापसी' कहानी के माध्यम से ऊषा प्रियंवदा क्या कहना चाहती है ?

(v) 'बादलों के घेरे' कहानी के देशकाल एवं वातावरण को प्रस्तुत कीजिए।

(vi) ललित निबन्ध कला पर प्रकाश डालिए।

(vii) गोदान शीर्षक की सार्थकता।

(viii) रामचन्द्र शुक्ल की निबन्ध-कला की विशेषताएँ।

6. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई दस) :

प्रत्येक 1

(i) 'गोदान' में तितली किसे कहा गया है ?

(ii) 'चढ़ती उमर' के रचनाकार का नाम बताइये।

(iii) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' की नायिका का नाम बताइये।

(iv) 'उसने कहा था' कहानी के प्रारंभ में किस शहर के परिवेश का उल्लेख किया गया है ?

(v) होरी को गाय किसने दी ?

(vi) अरुण किस देश का राजकुमार था ?

(vii) रामचन्द्र शुक्ल के निबन्ध-संग्रह का नाम बताइये।

(viii) 'वैष्णव क़ी फिसलन' किस प्रकार का निबन्ध है ?

(ix) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' में भारतीय इतिहास के किस सम्राट के युग का सजीव चित्रण है ?

(x) हामिद ने चिमटा कितने पैसे में खरीदा था ?

(xi) निबन्ध विधा का उद्‌भव किस युग में हुआ ?

(xii) 'पुरस्कार' कहानी का मुख्य उद्‌देश्य क्या है ?

https://universitynews.in/